हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 16 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजा बम-बम भोले

4



## खबर संक्षेप

### सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### बारात में नाचने को लेकर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बारात में नाचने के दौरान हुए विवाद में चाकू से हमला करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार गौरव बरेठ अपने दोस्तों के साथ 10 फरवरी को बारात में अफरीद गये थे, जहां ग्राम बोरसी पामगढ़ से एक और बाराती आए थे उसी बाराती के बीच आहत नाचने की बात को लेकर बाराती के लोग नाचने से मना किये तो नहीं माने इसी बात को लेकर आरोपियों द्वारा अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू से गौरव बरेठ एवं उसके साथी सागर बरेठ को हमला कर दिए। इलाजरत आहत गौरव बरेठ जो बिलासपुर लाईफ केयर अस्पताल में भर्ती है जिसका कार्यपालिक दण्डाधिकारी से मृत्युकालित कथन कराया गया। प्रकरण के आरोपी अमर यादव एवं अमीर यादव दोनो निवासी ग्राम बोरसी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। फरार आरोपी सोमवीर पिता अशोक यादव एवं एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की लगातार पातासाजी की जा रही है।

पुलिस बल की तैनाती के बाद भी नहीं संभली स्थिति

# माघी मेला के अंतिम दिन उमड़ा लोगों का हुजूम, पुल पर घंटों जाम

.हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माघी मेले के अंतिम दिन शिवरीनारायण में लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। जिसके कारण शबरी सेतु पुल पर घंटों आवागमन बाधित हुआ। इधर पुलिस बल की तैनाती के बाद भी व्यवस्था नहीं संभल सकी। बताया जाता है कि महाशिवरात्रि का पर्व होने के कारण पुल पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई।

गौरतलब है कि पौराणिक धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में आयोजित माघी मेला महाशिवरात्रि के दिन अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार छुट्टी के दिन मेले में लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार की सुबह से ही लोग मेला देखने पहुँचने लगे थे। त्रिवेणी संगम, शिवरीनारायण मंदिर परिसर, लक्ष्मणेश्वर मंदिर और संपूर्ण मेला क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बनी रही। मेले को लेकर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह नजर आया। झूले, खिलौनों की दुकानें, घरेलू सामान, श्रृंगार और खानपान के स्टॉल लोगों को आकर्षित करते रहे। बच्चों की किलकारियों और लोक संगीत की धुनों से मेला क्षेत्र पूरी तरह उत्सवमय माहौल में डूबा रहा। दूर-दराज़ से आए लोगों ने मेले की व्यवस्था और रौनक की सराहना की। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई एवं पेयजल के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ संगम तट और मेला परिसर में निगरानी बढ़ा दी गई। बावजूद इसके अव्यवस्था के कारण प्रशासन के लिए भीड़ को सम्हालना मुश्किल हो गया। लोगो की भीड़ को देखकर मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों के चेहरे पर जरूर चमक बिखर गई हैं। माघी मेले में अव्यवस्था हावी, भीड़ के आगे फेल हुआ ट्रैफिक सिस्टम; घंटों जाम में फंसे रहे लोग रविवार और महाशिवरात्रि का दिन होने के कारण माघी मेले की भारी भीड़ के आगे प्रशासनिक तैयारियां नाकाफी साबित होती नजर आईं। छुट्टी के दिन लोगों की बेकाबू भीड़ के कारण नगर के प्रमुख मार्गों पर भीषण जाम लग गया। मेला क्षेत्र, शबरी सेतु मार्ग और मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर वाहन घंटों तक फंसे रहे। जिससे आम लोगों के साथ-साथ बाहर से आए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम की स्थिति इतनी गंभीर रही कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पैदल लोगो की भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग ने हालात को और बिगाड़ दिया। कई स्थानों पर पुलिस बल बल की कमी साफ नजर आई। जिसके कारण लोगों में नाराजगी देखने को मिली। जाम में फंसे लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कड़ी व्यवस्था की मांग की गई, लेकिन व्यवस्था नहीं बन पाई।



शिवरीनारायण के सेतु पुल पर लगी वाहनों की कतार।


### भारी भीड़ के चलते लोगों में दिखी नाराजगी

ट्रैफिक जाम के संबंध में थाना प्रभारी शिवरीनारायण राजीव श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने जाम की स्थिति को अस्थायी बताते हुए कहा कि छुट्टी के कारण अनुमान से अधिक भीड़ पहुंची। जिससे यातायात दबाव बढ़ा। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। शिवरीनारायण मेला को देखने के लिए ना केवल जांजगीर चांपा बल्कि पड़ोसी जिला बलौदा बाजार, सारंगढ, बिलासपुर, रायपुर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़ सहित अन्य जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रही।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा गिरोह पर कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** वर्ल्ड कप क्रिकेट के दौरान ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर थाना और चौकी नैला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नैला दर्रीपारा क्षेत्र में दो युवक मोबाइल के माध्यम से वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा आईडी बेचकर लोगों से रकम ले रहे हैं। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन खंगालने पर दो अलग-अलग ऑनलाइन सट्टा आईडी मिली, जिनमें लाखों रुपये के लेनदेन का खुलासा हुआ है। साथ ही कई व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ऑनलाइन रकम लेकर सट्टा खिलाने के साक्ष्य भी पाए गए हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।






खबर संक्षेप

## पुलवामा आतंकी हमले मे शहीद जवानों को कार्यकर्ताओं ने दी श्रध्दांजलि



**जांजगीर-चांपा।** स्थित भारत माता कचहरी चौंक शहीद स्मारक मे नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुलवामा आतंकी हमले मे शहीद हुए देश के जवानो को याद करते हुए श्रध्दांजलि देते हुए उनके स्मारक मे श्रध्दा के पुष्प अर्पित करते हुए शहीदो के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा की शांति की कामना की उक्त श्रध्दांजलि सभा मे भाजपा जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष हितेश यादव रमाकांत रजवाड़े युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश सिंह राकेश रुपवानी प्रतिमा डेहरे अजित गढ़वाल पलाश चंदेल गजानंद ध्रुव प्रदीप सोनी अनिता कहरा संजीता माली गुडडू कहरा प्रदीप सोनी रमेश सोनवानी प्रेमलता कौशिक दुलौरिन चौरसिया अनुराग शुक्ला विवेक शर्मा पिंटु बरेठ गज्जू कर्ष गोलु दुबे रितेश अग्रवाल हरि सोनवानी रामगोपाल चौरसिया रितेश राठौर प्रदीप राठौर सोनु यादव चुन्नी राठौर अभिषेक पांडेय लक्ष्मी सारथी शैल राठौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओ ने देश के शहीद जवानो के स्मारक पर अपनी भावभीनी सादर श्रध्दांजलि अर्पित की

## पात्र–अपात्र सूची जारी, 17 तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**सक्ती।** सक्ती। मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शासकीय संस्था के रूप में संचालित किए जाने के उद्देश्य से संविदा के विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक बाल्यावस्था एजुकेटर पद हेतु पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी 17 फरवरी को दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन जमा होंगे 20 तक

**तनौद।** पामगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत सिरी में रिक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सुचारू संचालन हेतु पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एजेंसियां अपने आवश्यक दस्तावेजों और प्रस्ताव के साथ 20 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, पामगढ़ में आवेदन जमा होंगो। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विभाग के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## युवक की हत्या मामले में 4 अपचारी बालक समेत 6 गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** धरदेई में युवक की हत्या मामले में चार अपचारी बालक समेत 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मेले मे फरार आरोपी एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ने में थाना शिवरीनारायण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मिली जानकारी के अुनसार धरदेई निवासी कोमल कर्ष पिता किशन कर्ष उम्र 23 साल राहुल चौहान निवासी दर्रा थाना भटगांव जिला सारंगढ बिलाईगढ जो शिवरीनारायण मेला देख कर अपनी मौसी के घर ग्राम धरदेई गया था। इस दौरान अज्ञात लोगो के द्वारा धारदार हथियार से मार कर हत्या कर पुरेना तालाब में फेक दिया है, जिसकी सूचना पर 11 फरवरी को पुलिस द्वारा त्वरित घटना स्थल पहुंचकर मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही कर हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। कार्यवाही मे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारयण, सत्यम चौहान प्रभारी पुलिस सहायता केन्द्र राहौद, आर पी बघेल, विरेन्द्र टण्डन, सुधीर साहू, जगदीश, प्रवीण साहू, शिव कुमार कश्यप,, बेदराम पटेल, आनंद साण्डे, रामगोपाल भारती, दिनेश चौहान, यशवंत पाटले एवं थाना शिवरीनारायण स्टाफ का योगदान रहा।



### गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में सैकड़ों गृहणियों ने कार्यक्रम में निभाई सहभागिता

# छत्तीसगढ़ केवल धान का नहीं बल्कि स्वाद का है कटोरा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ केवल धान का नहीं बल्कि स्वाद का कटोरा है। उन्होंने कहा कि कीचन की चारदीवारी आपके सपनों की सीमा नहीं है। कार्यक्रम के दौरान पाककला प्रतियोगिता में 35 से अधिक महिलाओं ने अपनी पाककला दिखाई।

गौरतलब है कि शनिवार 14 फरवरी को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल परिसर उस समय उत्सव स्थल में तब्दील हो गयाए जब जिले की सैकड़ों गृहणियों ने अपने हाथों के स्वाद और हुनर का प्रदर्शन स्वाद के महाकुंभ कार्यक्रम में किया। मास्टर शेफ जाँजगीर के भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि मास्टर शेफ इंडिया फेम शांता शर्मा रहीं, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। जिन्होंने अपने हाथों के जादू से पूरे भारत का दिल जीता है। विशिष्ट अतिथि पवन शर्मा सचिव, कवि सम्मेलन असम, स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवालए उपाध्यक्ष, सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति अनुश्री राठौर, श्रीमति चंचल अग्रवाल, श्रीमति बबीता अग्रवाल, श्रीमति निकिता अग्रवाल, श्रीमति नेहा अग्रवाल तथा प्राचार्य डाण्देव वशिष्ट रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक कुकिंग प्रतियोगिता नहीं, बल्कि गृहणियों के आत्मविश्वासए हुनर और सशक्तिकरण को मंच देना रहा। साथ ही शहर और आसपास की गृहणियों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचानना और उन्हें एक राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करना है। इस एतेहासिक पाक कला प्रतियोगिता में कुल 35 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, जिसका परिणाम . मास्टर शेफ जांजगीर श्रीमति काव्या सुल्तानिया, 1 दक रनर अप श्रीमति मधुलता बंजारे, 2दक रनर.अप श्रीमति तृप्ति मारकंडे रहीं तथा दस प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया, सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मास्टर शेफ शांता शर्मा ने कहा कि आज यहाँ आकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि छत्तीसगढ़ केवल धान का कटोरा ही नहीं, बल्कि स्वाद का कटोरा भी है। मेरी अपनी यात्रा भी असम के एक छोटे से गाँव से शुरू हुई थी। मास्टर शेफ इंडिया के मंच तक पहुंचने का रास्ता आसान नहीं था, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। मैं आप सभी से भी यही कहना चाहती हूँ कि किचन की चारदीवारी आपके सपनों की सीमा नहीं है, बल्कि वह आपके हुनर की प्रयोगशाला है। सचिव दीपक राठौर ने कहा कि आज का यह दृश्य देखकर मेरा मन अत्यंत हर्षित है कि गुरुकुल स्कूल की स्थापना के समय हमारा एक ही सपना था। एक ऐसा शिक्षण संस्थान बनाना जो न केवल अकादमिक उत्कृष्टता दे बल्कि समाज के हर वर्ग के हुनर को सम्मान दे। आज का यह स्वाद का महाकुंभ उसी विजन का एक जीवंत उदाहरण है। हम मानते हैं कि एक मां या एक गृहणी दुनिया की सबसे बड़ी मैनेजर और सेफ होती है। शांता शर्मा ने जिस तरह से भारतीय रसोई की सादगी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है, वह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। आज जाँजगीर की महिलाओं के लिए आपसे सीधा संवाद करना और आपसे सीखना एक ऐतिहासिक अवसर है। गुरुकुल परिवार हमेशा से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी प्रतिभा को उचित मंच देने का पक्षधर रहा है। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज यह प्रांगण एक विद्यालय से ज्यादा एक सांस्कृतिक केंद्र नजर आ रहा है। जब हमने इस श्वाद के महाकुंभ की योजना बनाई थी, तो हमारा उद्देश्य केवल एक कुकिंग कॉम्पिटिशन कराना नहीं था। हमारा उद्देश्य था सशक्तिकरण। शांता शर्मा आपकी यात्रा मास्टर शेफ इंडिया के किचन से लेकर हमारे स्कूल तक इस बात का प्रमाण है कि हुनर कभी भी उम्र या स्थान का मोहताज नहीं होता। स्पर्धा का मंच संचालन डॉ जागेन्द्र कुमार कुलमित्र, नन्द महेश्वरी एवं सिमरन कौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी गृहणियों ने पारंपरिक और नवाचार से भरपूर व्यंजन प्रस्तुत किए। पूरे परिसर में स्वाद की सोंधी महक उठती रही।



पाककला प्रतियोगिता का शुभारंभ करती शांता शर्मा एवं अन्य अतिथिगण

## समाज को आगे बढ़ाने मिलकर करना होगा कार्य : बालेश्वर



साहू समाज के लोगों को सम्मानित करते जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

जिला स्तरीय साहू संघ के नवनिर्वाचित परिक्षेत्र, तहसील एवं ग्राम पदाधिकारियों के सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार 14 फरवरी को परिक्षेत्र सरहर कारीभावर मोहल्ला में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू जैजैपुर विधायक एवं जिलाध्यक्ष, साहू समाज रहे। उन्होंने साहू समाज की कुलदेवी भक्त माता कर्मा एवं दानवीर भामा शाह के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं श्रीफल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक साहू ने कहा कि समाज को एकजुट रखने और सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिल-जुलकर कार्य करना होगा।मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर साहू, संगठन सचिव फिरतू साहू, श्रीमती सुभद्रा साहू, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अशोक साहू, महासचिव बोधराम साहू, कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, श्रीमती रत्ना साहू संगठन सचिव, ईश्वर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष बम्हनीडीह, शिव साहू अध्यक्ष नवागढ, रामचरण साहू अध्यक्ष बलौदा, मनोज साहू तहसील अध्यक्ष पामगढ़, राजेंद्र साहू अध्यक्ष अकलतरा, रामरतन साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र सरहर, इतवारी साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष सहित रामकिशन साहू, रूखमणि साहू, भारती साहू, रिखीराम साहू, संतोष साहू, भुवन साहू, मनीराम साहू, बृहस्पति साहू, रामलाल साहू, चोला बाई साहू, भूपेंद्र साहू, सन्नी साहू, हेमलता साहू, दिलीप कुमार साहू, पुरानिकराम साहू, पुष्पेंद्र साहू, उमाशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## आयोजन से बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित करने की एक पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, झालरौंदा में मातृ-पितृ दिवस धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस प्रकार के आयोजन बढ़ती उम्र के बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे बच्चे भटकाव से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार और माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना को समझेंगे और अपनाएंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता को विद्यालय में आमंत्रित किया गया। छात्रों ने अपने माता-पिता का आरती, तिलक एवं पुष्प अर्पित कर सम्मान किया। विद्यालय की शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष प्रयास किए। जिन विद्यार्थियों के माता-पिता किसी कारणवश विद्यालय नहीं पहुँच सके, उनका घर पर ही सम्मान करवाया गया तथा उसके फोटो मंगवाए गए। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय केवल पुस्तक ज्ञान देने का स्थान नहीं, बल्कि संस्कारों का भी केंद्र है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक उपस्थित रहे। बच्चों एवं पालकों में इस आयोजन को लेकर अत्यधिक उत्साह देखने को मिला।



मातृ पितृ दिवस के अवसर पर उपस्थित स्टाफ।

## जाज्यवल्देव कबड्डी में बजरंगी फाइटर ने प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

जाज्यवल्देव कबड्डी प्रतियोगिता का समापन पूर्व नेता प्रतिपक्ष के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान प्रतियोगिता में बजरंगी फाइटर मेंहदी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

- पुरस्कार वितरण पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने किया

क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय के मार्गदर्शन अनुसार क्रीड़ा भारती पामगढ़ क्रीड़ा भारती जांजगीर चांपा द्वारा जिला स्तरीय जाजवल्यदेव कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अमर सुल्तानिया जिला संगठन प्रभारी जशपुर समापन एवं पुरस्कार वितरण माननीय नारायण चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधान सभा के कर कमलों से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन के संयोजक आयोजन सचिव क्रीड़ा भारती जिला उपाध्यक्ष पुष्कर दिनकर थे। कार्यक्रम क्रीड़ा भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत के उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संपादित किया गया। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता का खिताब मेहंदी के टीमों को प्राप्त हुआ। जिसमे बजरंगी फाइटर मेहंदी की टिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं मारुति दल मेहंदी की टिम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बेस्ट रेडर का खिताब टीकम को बेस्ट केचर का खिताब परमानंद तथा ऑल राउंडर का खिताब तुषार साहू ने अपने नाम किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मानेश जांगड़े अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत, अरुण झाझडिया संरक्षक क्रीड़ा भारती, जितेंद्र तिवारी सचिव ओलंपिक संघ डमरू मनहर सभापति जनपद विवेका गोपाल सांसद प्रतिनिधि अश्वनी कुर्रे सामाजिक कार्यकर्ता, दिनेश थवाईत संतोषी सिंह अध्यक्ष महिला मोर्चा डा धनेश्वरी राकेश गढ़वाल कोच खेलो इंडिया हॉकी सेंटर बहोंरिक दिव्य सरपंच झूलन अमित बौद्ध सरपंच प्रतिनिधि के पी खरे पूर्व बीईओ योगेश्वर साहू सुनील खूंटे दिनेश रात्रे बसंत टंडन धवल तिवारी भुवन श्रीवास व अन्य सभी खिलाड़ियों दर्शकों की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शंकर दास वैष्णव, भुवन श्रीवास, गुरु चरण निषाद, धवल तिवारी, योगेश्वर साहू, बलराम ध्रुव ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के प्रांत उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा ने आभार प्रदर्शन पुष्कर दिनकर कार्यक्रम संयोजक ने किया।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष

## कहरा समाज की बैठक, मुकेश को बनाया गया प्रदेशाध्यक्ष



बैठक में शामिल कहरा समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ कहरा समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मुकेश कुमार को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही मीडिया प्रभारी रवि कटकवार को बनाया गया है। विगत दिवस कहरा समाज की बैठक आहूत की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से मुकेश कुमार राकेश को प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया, मुकेश राकेश ने अपने कार्यकारणी मंत्रिमंडल का भी गठन किया। जिसमें उपाध्यक्ष गेंदलाल कटकवार, महासचिव हरिहर आदित्य, सचिव अशोक एवं खिलावन आदित्य, कोषाध्यक्ष कमल आदित्य, संरक्षक रामगोपाल आदित्य, गोरेलाल आदित्य को बनाया गया। रवि कटकवार एवं शिवमोहन बघेल को मीडिया प्रभारी बनाया गया।इस अवसर पर मछुआ महासंघ के अध्यक्ष देवव्रत आदित्य भी उपस्थित रहे ।

## यादव समाज की बैठक में शिक्षा को प्राथमिकता में रखने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

ठेठवार यादव समाज की बैठक में शिक्षा को प्राथमितकता में रखने के साथ साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया गया।

ठेठवार यादव समाज बरतोरी राज का 85वाँ वार्षिक सम्मेलन मल्हार में सम्पन्न हुआ। ठेठवार यादव समाज बरतोरी राज का 85वाँ वार्षिक सम्मेलन मल्हार नगर में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन राजप्रमुख तुमेश यादव एवं उपराजप्रमुख हीरालाल अहीर के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। सम्मेलन के प्रारंभ में समाज के पूर्व देवान स्वर्गीय शगंगाप्रसाद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर सम्मेलन को समाजिक एकता, आपसी सद्भाव, संगठनात्मक मजबूती एवं समाज के सर्वांगीण विकास को समर्पित बताया गया।सम्मेलन के दौरान समाज के विकास को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए युवाओं को स्वरोजगार एवं व्यवसाय के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष बल दिया गया। सफल युवा व्यवसायियों ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कर उपस्थित जनसमुदाय को प्रोत्साहित किया। कोषाध्यक्ष लकेश यादव द्वारा समाज के आय-व्यय का वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष भरत लाल यादव, उपाध्यक्ष रंजीत यादव, उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव, सोखन यादव, सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष लकेश यादव, सहसचिव शत्रुहन यादव, सहसचिव दिलीप यादव सम्मेलन के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए महासभा, राज पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, युवा मित्रमंडली, पंचगण उपस्थित रहे।



## 108 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**पामगढ़।** पुलिस ने दबिश देकर 108 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त केटीएम ड्यूक मोटर सायकल भी बरामद किया गया है। रविवार 15 फरवरी को सूचना मिली कि सुग्रीव गोंड पिता बाबूलाल गोंड उम्र 19 साल जितेंद्र गोंड पिता भूरेलाल उम्र 25 साल दोनों निवासी सेमरिया द्वारा शराब की बिक्री की जाती है। पामगढ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपीगण के कब्जे से 108 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 21 हजार 600 सौ रुपए व बाइक को जब्त किया गया है।

## मुश्किल समय में धैयर्ता प्रदान करता है शिव का जाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालदेवरी

मुश्किल समय में लोगों को शिव का जाप धर्यता प्रदान करता है। महाशिवरात्रि पर्व की विशेष महिमा है।

समलाई चौक स्कूल पारा बोरसी में आयोजित अखंड नवधा रामायण पंडाल में महाशिवरात्रि पर्व पर सामूहिक रूप से पार्थिव शिवलिंग की विधिवत पूजा और संक्षिप्त रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य पं जितेन्द्र तिवारी ने महाशिवरात्रि पर्व की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व भारतीयों का एक प्रमुख त्योहार है।जो फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को मनाया जाता है।इसी दिन से सृष्टि का प्रारंभ बताया गया है।यह भी कहा जाता है कि इसी दिन भगवान भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती से हुआ था।साल भर में वैसे 12 शिवरात्रियों में महाशिवरात्रि पर्व को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। आचार्य श्री ने कहा कि ओम नमः शिवाय का जाप से मुश्किल समय में धैर्यता प्रदान करता है। सामूहिक पार्थिव लिंग पूजन में मुख्य यजमान श्रीमती सरिता लखेश्वर चंद्रा,मनबोध चंद्रा, धनेश्वर चंद्रा, विजेंद्र पटेल, छेरका राम चंद्रा,सुनील चंद्रा, शिवकुमार चंद्रा,शंकर चंद्रा,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व अखंड नवधा रामायण समीति के सदस्य शामिल हुए। आयोजक समिति ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आज फाइनल मानस गायन प्रतियोगिता संपन्न होगा।



कथा सुनाते आचार्य।

## युवती की जलने से मौत, परिजनों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

आग में गंभीर रूप से झुसलने के बाद युवती की मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग रखी है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती की वार्ड क्रमांक 11 की रहने वाली दिशा मरावी 24 जनवरी को सक्ती के शिवम होटल में एक युवक से मिलने गई थी। इस दौरान आग की चपेट में आकर वह बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद एक युवक दिशा को सक्ती के ही बिहान हॉस्पिटल में छोड़कर वहां से निकल गया। दिशा की गंभीर अवस्था को देखकर उसे डाक्टरों ने बिलासपुर रेफर कर दिया। 2 फरवरी को युवती ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दिशा की मां ने पुलिस से की शिकायत दिशा की मां मीना मरावी ने पुलिस से शिकायत में तीन लोगों का जिक्र किया है. एक युवक पर साजिश के तहत तारपीन तेल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। मामले को बिलासपुर जिले के तारबहार थाना में शून्य में एफआईआर दर्ज किया गया। जिला अस्पताल में उसी दिन पोस्टमार्टम कर दिया गया। पुलिस से शिकायत में तीन नामों का जिक्र किया है। एसडीओपी भुनेश्वरी पैकरा ने बताया कि 24 जनवरी को बिहान हॉस्पिटल से सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युवती को बिलासपुर अस्पताल में रेफर कर दिया. 2 फरवरी को युवती की मौत हो गई। पुलिस इसकी जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि तारबाहर थाने से मर्ग डायरी आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# 'एक दिन' का एक नया पोस्टर आया सामने ...

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे के मौके पर जुनैद खान और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'एक दिन' के निर्माताओं ने फिल्म का एक प्यारा सा पोस्टर जारी किया। पोस्टर में साई पल्लवी को एक मफिन पकड़े हुए देखा जा सकता है, मानो वह जुनैद को वैलेंटाइन डे की शुभकामनाएं दे रही हों। दोनों एक दूसरे को प्यार भरी निगाहों से देख रहे हैं, जिनमें स्नेह और मिठास झलक रही है। एक गर्मजोशी भरे, रोमांटिक सर्दियों के माहौल में फिल्माए गए इस पोस्टर में जुनैद और साई के किरदार बर्फ से ढकी सड़क पर कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए, हल्की मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। दोनों ने आरामदायक सर्दियों के कपड़े पहने हैं, जिससे पोस्टर में ऐसा लग रहा है मानो वे अपनी ही दुनिया में खोए हुए हों।

लाइफ Style

# मृणाल

## 'सिंगल' होने का दिया अपडेट

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगे। यह फिल्म दो ऐसे लोगों की कहानी है, जो यह सिखाती है कि हर वक्त परफेक्ट होना जरूरी नहीं है।

फिल्म की टीम इन दिनों प्रमोशन के लिए कर रही है। अक्षय कुमार के गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के आने वाले एपिसोड में फिल्म की टीम नजर आएगी, जिसमें मृणाल ठाकुर, सिद्धांत चतुर्वेदी और डायरेक्टर रवि उदयावर नजर आएंगे। इस एपिसोड में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह फिलहाल किसी रिलेशनशिप में नहीं है। अक्षय कुमार इस एपिसोड में मृणाल की टांग खींचते हुए पूछते हैं, मृणाल, सोशल मीडिया पर आपके बारे में काफी चर्चा चल रही है। आपका अभी रिलेशनशिप स्टेट्स क्या है?" यह सवाल सुनकर मृणाल ने बिना झिझक के जवाब दिया, मैं अभी सिंगल हूं और मिंगल होने के लिए तैयार हूं। बता दें कि कुछ समय से सोशल मीडिया पर मृणाल और साउथ एक्टर धनुष के रिश्ते और शादी के बारे में काफी अफवाहें उड़ी थीं। हालांकि, अभिनेत्री ने अपने इस जवाब से अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

रवि उदयावर की ओर से निर्देशित, यह एक आधुनिक, यथार्थवादी प्रेम कहानी है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में ईला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयशा रजा, विराज गेहलानी, संदीपा धर, दीपराज राणा, मोना अम्बेगांवकर, अचिंत कौर और नवीन कौशिक भी नजर आएंगे।




हॉलीवुड मसाला




# तलाक के बाद निकोल का पहला पोस्ट

**लॉस एंजेलिस।** वैलेंटाइन डे' प्यार का दिन माना जाता है। लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि वैलेंटाइन डे मनाने के लिए आपका रिलेशनशिप में होना जरूरी हो। अगर आप सिंगल हैं, तो भी आप खुद के लिए कुछ खास करके भी इसे मना सकते हैं। इसी का उदाहरण दिया मशहूर एक्ट्रेस निकोल किडमैन। ऑस्कर जीत चुकीं निकोल ने इस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें वह बेड पर आराम करती नजर आ रही हैं। फोटो में उन्होंने गुलाबी और सफेद धारियों वाली शर्ट पहनी हुई है। खिड़की से आती धूप उनके चेहरे पर पड़ रही है और वह काफी शांत और खुश नजर आ रही हैं।




# 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे जेसन

**लॉस एंजेलिस।** अपनी आगामी फिल्म 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने शाहरुख की तारीफ की है। शाहरुख से अपनी मुलाकात के बारे में बात करते हुए जेसन ने कहा कि हां, वह बहुत हैंडसम हैं। जब जेसन से पूछा गया कि पहली मुलाकात में दोनों ने किस बारे में बात की, तो उन्होंने कहा कि हम दोनों आपसी दोस्त और एक-दूसरे के काम के प्रशंसक हैं। वह बहुत ही प्यारे इंसान हैं। वह बेहद विनम्र थे। वह मुझसे बेहतर अभिनेता और कलाकार हैं। इसलिए यह आपसी सम्मान की बात थी। जेसन मोमोआ के करियर की बात करें तो 1999 में टीवी शो बेवॉचः हवाई से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने 2011 में गेम ऑफ थ्रोन्स के पहले सीजन में खाल ड्रोगो का किरदार निभाया।




# राशा की तेलुगु फिल्म का पोस्टर आउट

**मुंबई।** अभिनेत्री राशा थडानी हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के बाद तेलुगु सिनेमा में एंट्री करने जा रही हैं। अभिनेत्री जल्द ही निर्देशक अजय भूपति की आगामी तेलुगु फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' में नजर आएंगी। इस एक्शन-रोमांस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जया कृष्ण घट्टामनेनी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें राशा और जया कृष्ण घट्टामनेनी दोनों एक-दूसरे के करीब नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राशा ने एक खूबसूरत लैवेंडर कलर की साड़ी पहनी हुई है। उनके बाल खुले हैं। वहीं, पोस्टर में लिखा है, "हैप्पी वेलेंटाइन डे।" राशा ने पोस्ट कर लिखा,"बस एक बार अपनी आंखें खोलकर देखो मैं यहीं रहूंगी, इतनी पास कि तुम्हारी सांसों को महसूस कर सकूं।"



# बैटल ऑफ गलवान का गाना रिलीज...

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे के मौके पर फिल्म "बैटल ऑफ़ गलवान" का रोमांटिक गाना "मैं हूं" रिलीज हुआ। सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के इस गाने में उनकी लविंग केमिस्ट्री दिखाई गई है। सलमान खान फिल्म्स ने इस गाने को अपने ऑफिशियल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया। इससे पहले "मातृभूमि" गाना रिलीज़ हुआ था, जिसे 50 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ मिले थे। मेकर्स ने स्पेशल ट्रैक "मैं हूं" 14 फरवरी को रिलीज़ किया था। यह गाना एक सैनिक और उसके परिवार के रिश्ते की इमोशनल कहानी दिखाता है। मेकर्स ने गाने को सोशल मीडिया पर शेयर किया और इसका ऑफिशियल लिंक भी रिलीज किया। यह ट्रैक परिवार के साथ बिताए खुशी के पलों से लेकर ड्यूटी की वजह से अलग होने तक की एक इमोशनल जर्नी दिखाता है।

टीवी मसाला

# रश्मि देसाई को दो बार बदलना पड़ा अपना नाम

**मुंबई।** टीवी और ओटीटी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकीं रश्मि देसाई आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस नाम से देश उन्हें जानता है, वह उनका असली नाम नहीं है। उनकी



पहचान के पीछे एक दिलचस्प किस्सा है, जो दो बार बदले गए नाम से जुड़ा हुआ है। रश्मि देसाई का जन्म 13 फरवरी 1986 को असम के नागांव में हुआ था। उनका जन्म एक गुजराती परिवार में हुआ। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले रश्मि का असली नाम शिवानी था। जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में आने का फैसला किया, तब उन्हें नाम बदलने की सलाह दी गई, ताकि नया नाम किस्मत के लिए शुभ साबित हो। इसके बाद शिवानी ने अपना नाम बदलकर दिव्या रख लिया। इसी नाम से उन्होंने अपने करियर की शुरुआती कोशिशें शुरू कीं। दिव्या नाम से उन्होंने शुरुआत में कई प्रोजेक्ट्स किए, लेकिन उन्हें वह पहचान नहीं मिल पा रही थी, जिसकी उन्हें तलाश थी। उनके पास काम आने भी बंद हो गए थे। उसी समय एक ज्योतिष मित्र की सलाह पर उन्होंने एक बार फिर नाम बदलने का फैसला लिया। इसके बाद दिव्या से वह रश्मि देसाई बनीं। यही नाम उनके जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। नाम बदलने के बाद न सिर्फ काम मिलने लगा, बल्कि उनकी पहचान भी बनने लगी।

# बचपन की तस्वीरों में छुपा श्रुति का मिजाज

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन अपने शानदार अभिनय से न सिर्फ साउथ सिनेमा, बल्कि बॉलीवुड में भी राज करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और नॉस्टेल्जिक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उनके बचपन से लेकर अब तक की तस्वीरें शामिल हैं। वहीं, श्रुति ने वीडियो में लिखा, "किसी लड़की के बचपन की तस्वीरों से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व की झलक साफ दिखाई देती है।" अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, "मैं तो हमेशा से ही बहुत मूडी रही हूं, हाहा।" श्रुति अभिनेत्री होने के साथ-साथ गायिका और संगीतकार भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवाई। इस बात से बहुत कम लोग वाकिफ हैं, लेकिन श्रुति ने अपने करियर की शुरुआत अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि गायिका और संगीतकार के रूप में की थी। उन्होंने महज छह साल की उम्र में ही अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया था। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म 'चाची 420' (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म 'हे राम' में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम 'रामा रामा' भी गाया था। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म निर्देशक पवन सादिनेनी की फिल्म 'आकासमलो ओका तारा' में नजर आएंगी।



# महाशिवरात्रि पर हंसराज रघुवंशी ने रिलीज किया 'महादेव की शादी' भक्ति गीत...



**मुंबई ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व से पहले म्यूजिक इंडस्ट्री भी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी है। भोजपुरी सिनेमा से लेकर हिंदी सिनेमा तक रोज नए शिव भक्ति गीत रिलीज हो रहे हैं, लेकिन अब शिव भक्ति से सराबोर गीत गाने वाले सिंगर हंसराज रघुवंशी ने महादेव की शादी से जुड़ी रस्मों का नया गीत रिलीज किया है, जिसमें देवताओं से लेकर असुर बाबा की बारात में मस्तमौला अंदाज में नाच रहे हैं। हंसराज रघुवंशी का नया भक्ति गीत 'महादेव की शादी' रिलीज हो चुका है, और गीत को सिंगर ने अपने आधिकारिक चैनल पर रिलीज किया है। गीत में शिव बारात का वर्णन किया गया है कि कैसे भस्म और नागों से बाबा श्रृंगार कर मां पार्वती को ब्याहने ले जा रहे हैं। गीत के बोल और बीट दोनों ही शानदार हैं, जो पूरी तरह डांसिंग वाइब दे रही है। गीत के सिंगर और कंपोजर खुद हंसराज हैं, जबकि गीत के बोल दीप फतेह ने लिखे हैं। 'महादेव की शादी' के बोल मिस्ता बाज़ ने लिखे हैं और प्रोड्यूस कोमल सकलानी ने किया है, जो सिंगर की पत्नी हैं।

# पैपराजी पर भड़कीं धुरंधर की आयशा


**मुंबई।** एक्ट्रेस आयशा खान का करियर इन दिनों ऊपर चढ़ रहा है। उन्होंने फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' पर अपने डांस से सबका दिल जीत लिया है और खूब तारीफें बटोर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म 'तू या मैं' की स्क्रीनिंग में पहुंचीं और पैपराजी को डांट लगाई। दरअसल, जब आयशा खान पैपराजी को पोज दे रही थीं, तो एक ने उनसे पीछे मुड़ने को कहा। इसी बीच, एक और पैपराजी ने ऐसा कमेंट किया, जिससे एक्ट्रेस नाराज हो गईं। आयशा ने पैपराजी को डांटते हुए कहा, तुम अपनी इज्जत खुद कमाते हो और खुद ही खो देते हो। प्लीज ऐसा मत करो। अच्छा नहीं लगता। इसके बाद आयशा गुस्से में वहां से चली गईं। आयशा खान के इस वायरल वीडियो के बाद फैंस उनके सपोर्ट में आगे आ रहे हैं और पैपराजी को गलत फोटो खींचने के लिए डांट रहे हैं। वहीं, कुछ लोग आयशा को ट्रोल कर रहे हैं। उनका कहना है कि आयशा ओवरएक्टिंग कर रही हैं। आयशा सबसे पहले बिग बॉस 17 में आई थीं। उन्होंने शो में वाइल्ड कार्ड के तौर पर एंट्री की थी, लेकिन मुनव्वर फारूकी के साथ उनके लव-हेट रिलेशनशिप ने खूब ध्यान खींचा।



## बॉलीवुड अपनी खूबसूरत लव स्टोरीज और म्यूजिक के लिए मशहूर

# इश्क की परतें खोलती बॉलीवुड की सदाबहार प्रेम कहानियां

*मुंबई। बॉलीवुड फिल्में अपनी खूबसूरत लव स्टोरीज और म्यूजिक के लिए मशहूर हैं। हालाँकि, हिंदी सिनेमा ने कुछ ऐसी फ़िल्में भी बनाई हैं, जो हमेशा खुश नहीं होतीं, लेकिन आखिर में हमें सच्चा प्यार करना सिखाती हैं। ये ऐसी फ़िल्में नहीं हैं,जो दिल टूटने को कुछ समय के लिए दिखाती हैं। बल्कि, ये दिखाती हैं कि हर लव स्टोरी का अंत अच्छा नहीं होता। खामोशी, जुदाई और इमोशनल संघर्ष से भरी ये फ़िल्में कुछ वाकई खूबसूरत लेकिन दिल तोड़ने वाली कहानियां पेश करती हैं, फिर भी ये इमोशन का एक डोज भी देती हैं जो दिल को सुकून देता है।*





**ओमकारा (2006) :** ओथेलो का यह अडैप्टेशन दिल टूटने को धोखे और भरोसे के तौर पर दिखाता है। प्यार धोखे और धोखे की वजह से खत्म होता है, जिससे तबाही होती है। विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सैफ अली खान,करीना कपूर और अजय देवगन हैं।

**आशिकी 2 (2013) :** श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर, आशिकी 2 रोमांस से ज़्यादा ट्रेजेडी के बारे में है। यह म्यूज़िकल लव स्टोरी दिखाती है कि कैसे नशा और सेल्फ-इमेज प्यार पर हावी हो सकते हैं।

**सनम तेरी कसम (2016) :** जो एक खूबसूरत लव स्टोरी के तौर पर शुरू होती है, वह धीरे-धीरे एक दिल तोड़ने वाली कहानी में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन स्टारिंग, यह सनम तेरी कसम एक ऐसी फिल्म है जो दिल टूटने को एक हालत के तौर पर दिखाती है, न कि कुछ समय के लिए।

**लैला मजनू (2018) :** लैला मजनू का यह नया वर्जन जुनून और तड़प का जश्न मनाता है। इंतजार, दिल टूटने और खोए हुए भरोसे की इसकी कहानी किसी की भी आंखों में आंसू ला देगी। तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी की यह फिल्म दुख को ऐसे तरीके से दिखाती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

**रॉकस्टार (2011) :** रॉकस्टार प्यार के बारे में है, लेकिन दर्द लंबे समय तक रहता है। रणबीर कपूर लीड रोल में हैं। जॉर्डन के तौर पर, उसका दिल टूटने का असर उसकी पर्सनैलिटी और कामों पर पड़ता है, यहाँ तक कि उस लड़की को खोने के बाद भी, जिससे वह प्यार करता है। हालाँकि, हीर (नरगिस फाखरी) जॉर्डन की ज़िंदगी में वापस आती है, लेकिन उसे पाने के बाद उसे फिर से खोया हुआ देखना एक दिल तोड़ने वाला अनुभव है।




**लुटेरा :** 2013 में रिलीज़ हुई लुटेरा, ओ. हेनरी की शॉर्ट स्टोरी "द लास्ट लीफ" से इंस्पायर्ड है, जो जुदाई और कुर्बानी के जरिए दिल टूटने की कहानी दिखाती है। यह दिल टूटने के दर्द को शांत और सधे हुए तरीके से दिखाती है। विक्रम आदित्य मोटवानी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं।



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 18 को

**चांपा।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी लायंस क्लब चांपा के द्वारा बुधवार 18 फरवरी को लायंस हायर सेकंडरी स्कूल चांपा स्थित क्लब सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 3 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नगर के ख्यातिप्राप्त नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीमती पल्लवी बिरथरे , एम बी बी एस, बी सी एच मुंबई, पूर्व चिकित्सक अपोलो अस्पताल एवं शिशु भवन बिलासपुर द्वारा परीक्षण कर उपचार की सलाह दी जाएगी । क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने इस आशय की जानकारी दी है , क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता ने अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है ।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के एनएसएस शिविर का हुआ समापन



**हसौद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद की राष्ट्रीय सेवा योजना/एनएसएस इकाई द्वारा धमनी के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार बंजारे एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी जीनत पैंकरा के निर्देशन में किया गया। 13 फरवरी को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच नेतराम मधुकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि दीपक मधुकर, जिला संगठक सोमेश घीटोड़े, महाविद्यालय के प्राचार्य आर.पी. उपाध्याय, मालखरौदा जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। इसके पश्चात शिविरार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। दल नायक एवं दल नायिका को स्मृति चिन्ह मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनोज कुमार बंजारे ने अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण, कर्मचारी, भूतपूर्व स्वयंसेवक, उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड के पास आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**चांपा।** शहर के गौरव पथ स्थित बस स्टैंड के पास आज एक और सड़क दुर्घटना सामने आई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।घायलों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर तीन युवक सवार थे, जो ग्राम बिरगहनी के निवासी बताए जा रहे हैं, जबकि दूसरी बाइक पर एक युवक सवार था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आई है और एक अन्य युवक का पैर टूट गया है। हादसे में दोनों बाइकें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही घायलों को इलाज के लिए बीडीएम अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चांपा का गौरव पथ अब जानलेवा सड़क साबित होता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में इसी मार्ग पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद न तो सड़क पर स्पीड ब्रेकर या स्टॉपर लगाए गए हैं और न ही यातायात नियंत्रण की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई दे रही है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गौरव पथ पर स्पीड ब्रेकर, स्टॉपर और यातायात निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि रोज-रोज हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके।

## निधन

### श्रीमती मोहन कौर खत्री



**पामगढ़।** नगर की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती मोहन कौर खत्री का 102 वर्ष की आयु में रविवार 15 फरवरी को 11 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गोविंद खत्री, श्यामसुंदर खत्री, मोहन खत्री, राजेश खत्री की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन,स्वजातीय बंधुगण एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

### संकर्षण सिंह चंदेल



**अकलतरा।** ग्राम सांकर के प्रतिष्ठित नागरिक धनंजय सिंह चंदेल के कनिष्ठ पुत्र एवं जनपद पंचायत सदस्य संकर्षण सिंह चंदेल (शानू) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम सांकर के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

तड़के 3 बजे से मंदिरों में लगी रही श्रद्धालुओं की कतार, पीथमपुर, खरौद, तुर्रीधाम, नवागढ़ सहित अन्य शिवालयों में हुई पूजा

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजा बम-बम भोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महाशिवरात्रि पर्व पर जिले के शिव धामों में भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शिवालयों में कांवरियों तथा श्रद्धालुओं की भीड़ भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए लगी रही। जिले के खरौद, पीथमपुर, नवागढ़, तुर्रीधाम, सेंधवार ताल, चंदनियापारा स्थित शिवमंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

रविवार 15 फरवरी को देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की पूजा-आराधना का पर्व महाशिवरात्रि श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेंधरवार महादेव, पीथमपुर के कलेश्वर महादेव, खरौद के लक्ष्मणेश्वर महादेव, नवागढ़ के लिंगेश्वर महादेव सहित अन्य मंदिरों में तड़के 3 बजे से भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। खास करके महिलाओं ने उपवास रखकर शिवलिंग पर जल अर्पण कर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। इधर छग की काशी के नाम से विख्यात, जांजगीर-चांपा जिले की धार्मिक नगरी 'खरौद' में महाशिवरात्रि पर्व पर मेला लगा। यहां एक लाख छिद्र वाले लक्ष्णमेश्वर शिवलिंग में सवा लाख चावल की पोटली चढ़ाने श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रही। इसी प्रकार महाशिवरात्रि के मौके पर बलौदा के भू-फोड़ महादेव का दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला पुरूष मंदिर में जुटने लगे और कतार बद्ध होकर महादेव पर जल अर्पित कर पूजा अर्चना किये। बंधवा तालाब पार स्थित महादेव भूफोड़ महादेव के नाम से प्रसिद्ध है। नगरवासियो की इनमें अपार श्रद्धा है।





महाशिवरात्रि पर लिंगेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार।

### लिंगेश्वर महादेव में सुबह से लगी भक्तों की लंबी कतार

**नवागढ़।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान लिंगेश्वर महादेव के दर्शन करने दूर-दूर से श्रध्दालुओं पहुंचे। श्रद्धालुओं की आने वाली भीड़ को देखते हुए तड़के 3 बजे ही मंदिर का पट खोल दिया गया। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिये लोट मारते अथवा जमीन नापते मंदिर तक पहुंचे। दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की लम्बी कतार लगी रही । इस दौरान भक्त अपने हाथों बेलपत्र, चॉवल, घतुरा फूल, नारियल समी पत्र सहित जल से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। महाशिवरात्रि के पर्व पर प्रतिवर्ष लगने वाला महाशिवरात्रि का मेला अपने शबाब पर है। शनिवार की रात्रि से ही जमीन नापते श्रध्दालु मंदिर पहुंचने लगे थे। दूर दराज गांवों से बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के बाहर महिलाओं एवं पुरुषों की लम्बी लम्बी लाइनें लगी हुई थी। वहीं मेला प्रांगण में मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं। नगर पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। नगर निरीक्षक कमलेश शेंडे अपने टीम के साथ मुस्तैद नजर आए। क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप महाशिवरात्रि के पावन पर पर्व पर सपत्नीक लिंगेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने लिये पहुंचे। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए खुशहाली की कामना की। उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता अजीत बंजारे, दिल धार खान, डालेश्वर साहू, संतोष साहू , भुवनेश्वर केसरवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### लक्ष्मणेश्वर महादेव में देर रात तक चला जलाभिषेक करने का सिलसिला

**खरौद।** महाशिवरात्रि के अवसर पर छत्तीसगढ़ की कांशी के नाम से विख्यात भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव की नगरी में श्रद्धालुओं का दिन भर तांता लगा रहा। इस दौरान भक्त अपने हाथों बेलपत्र, चॉवल, घतुरा फूल, नारियल समी पत्र सहित जल से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। लक्ष्मणेश्वर महादेव के मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भक्त अपनी मनोकामना को लेकर पूजा करने दूर दूर से यहां पहुंचे। छठवीं शताब्दी से बने खरौद में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि पर शिव की विशेष पूजा हुई। महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां रात से ही भक्तों का ताता लगा रहा। मंदिरों को फूलों से सजाया गया था। वहीं भगवान लक्ष्मणेश्वर का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिली। शनिवार की रात्रि से ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने का सिलसिला देर रात चलता रहा। मंदिर के पास लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीददारी की। साथ ही यहां लगे मेले का लोगों ने परिवार सहित आनंद लिया। इस वर्ष महाशिवरात्रि में भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। जिले के अलावा अन्य जिले के दूर-दूर से यहां भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। भगवान लक्ष्मणेश्वर भगवान के दर्शन के बाद भक्तों ने उनका जलाभिषेक किया। इस दौरान भक्तों ने लाख चावल, धतूरा, बेलपान, दूध ,पंचामृत गंगाजल आदि अर्पित करते हुए भगवान के आगे अपनी मनोकामनाएं रखी।



### नरियरा के शिव मंदिरों में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**नरियरा ।** नगर पंचायत नरियरा में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस पर्व पर सुबह से ही नगर की शिवालयों में भीड़ उमड पड़ी। नगर के सभी शिवालयों में पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धापूर्वक किया गया। मंदिर परिसर की साफ सफाई रंग रोगन सजावट आदि की गई है। भक्तगण द्वारा भगवान शिव को जल दूध बेलपत्र धतूरा श्रीफल अर्पित किए गए । मंदिरों में पुजारी व्यवस्था बनाने दिन भर लग रहे । हर हर महादेव बोल बम के जयकारों से मंदिर पर परिसर गूंजता रहा । इस अवसर पर सभी वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया।



### शिव मंदिरों में भक्तों ने किया जलाभिषेक और पूजा-अर्चना



**देवरी सारागांव।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी रविवार को नगर पंचायत सारागांव सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न गांवों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। ग्राम देवरी, अमरूवा, सोनियापाठ, चोरिया, पचोरी, कुम्हारीखुर्द, बघौदा, कुम्हारीकला, लच्छनपुर, हनुमंता, कड़ारी, खमहिया, झरना, भुरकाडीह, मौहाडीह, गिधौरी, कचन्दा समेत सभी गांवों के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजन अपने परिवार सहित मंदिरों में पहुंचे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल, भांग, धतूरा आदि अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। शिवालयों में 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शिव मंदिर परिसरों में जगह-जगह रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन हुए, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति मिली। भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर व्रत रखकर भगवान शिव की उपासना की और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। महाशिवरात्रि पर क्षेत्र में अद्भुत धार्मिक उल्लास देखने को मिला, जहां श्रद्धा और आस्था का संगम दिखा।

# लूट के बाद 18 वार कर उतारा मौत के घाट, दो आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



- इंदौर में देवरघटा के मजदूर की हत्या का खुलासा, गांव पहुंचा शव, हुआ अंतिम संस्कार



रोजी मजदूरी करने मध्य प्रदेश के इंदौर गए मजदूर का पार्थिव शरीर रविवार 15 फरवरी की सुबह 6 बजे गृह ग्राम देवरघटा पहुंचा, जिसे देखने के लिए गांव वालों की भीड़ जुट गई। गांव के लोगों ने नम आंखों से खोजराम को अंतिम विदाई दी और गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

हसौद थाना क्षेत्र के देवरघटा निवासी खोजराम नारंगे की 11 फरवरी बुधवार की रात मध्य प्रदेश के इंदौर में हत्या हो गई। दो आरोपियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर खोजराम को मौत के घाट उतार दिया। इंदौर के बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) पंजीबद्ध कर हत्या की जांच करते हुए इस मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इंदौर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 फरवरी की रात इंदौर के एमआर-4 रोड स्थित भगीरथपुरा क्षेत्र में खोजराम की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शव पर कुल 18 घाव पाए गए थे, जिससे वारदात की निर्ममता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सूचना मिलते ही बाणगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान किराये के मकान में रहने वाले छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के मजदूर के रूप में हुई, जो इंदौर कें पोलोग्राउंड स्थित युग कलर लैब में काम करता था। परिजनों की रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया गया। हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल लगातार इंदौर पुलिस के संपर्क में थे जो पल पल इंदौर पुलिस के विवेचना की अपडेट ले रहे थे और मृतक के परिजनों को जल्द ही मामले में खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दे रहे थे। इंदौर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जोन-3 के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम एसआईटी गठित की गई। जांच के दौरान घटनास्थल व आसपास लगे लगभग 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान आर्यन उर्फ लड्डू पिता ओमप्रकाश वर्मा निवासी रेडवाल कॉलोनी, बाणगंगा, इंदौर और भरत पिता संजय वर्मा निवासी टाल वाली गली भगीरथपुरा, इंदौर के रूप में की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने लूटपाट के उद्देश्य से खोजराम का रास्ता रोका। विरोध करने पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी और पर्स, नगदी व मोबाइल लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने मोबाइल ट्रेस होने की डर से मृतक के मोबाइल से सिम निकालकर तोड़ दिया तथा मोबाइल को भी क्षतिग्रस्त कर फेंक दिया।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**चांपा।** नगर के हटवारा चौक स्थित सोनारिन घाट के पास एक मकान में रविवार सुबह एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राहुल केवट पिता शंभु केवट उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों द्वारा युवक के शव को फंदे से नीचे उतार लिया गया था। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घर को सील कर दिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सके।चांपा पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# हसदेव नदी के पास रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



बिरगहनी गांव निवासी एक व्यक्ति का शव हसदेव नदी के पास बने रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रविवार सुबह जब स्थानीय लोग रोज की तरह नदी किनारे और रेलवे ट्रैक के आसपास पहुंचे, तो उन्होंने ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, जिसके बाद मृतक की पहचान बिरंगहनी गांव निवासी आनंद राम महंत के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शव रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हादसा है, आत्महत्या है या फिर किसी अन्य कारण से मौत हुई है। पुलिस ने मौके का मुआयना करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है और घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों में जांच तेज कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक शांत स्वभाव का व्यक्ति था और गांव में ही रहकर मजदूरी का काम करता था। अचानक इस तरह उसकी मौत की खबर से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मृतक वहां कैसे पहुंचा और घटना के पीछे कोई संदिग्ध कारण तो नहीं है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि घटना के संबंध में कोई महत्वपूर्ण सुराग मिल सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# कृषकों को नवाचार और नवीन कृषि यंत्रों के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के अंतिम दिवस शुक्रवार 13 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र जर्वे में कृषि यंत्रों का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को नवाचार एवं नवीन कृषि यंत्रों के संबंध में जानकारी दी गई।

- कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि यंत्रों का हुआ जीवंत प्रदर्शन

जिले में आयोजित जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के समापन अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र जर्वे, जांजगीर परिसर में कृषि यंत्रों का जीवंत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के द्वारा कृषकों से खेती-बाड़ी के संबंध में विस्तृत चर्चा एवं अपना अनुभव किसानों से साझा किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला उपाध्यक्ष मोहन यादव, सरपंच, ग्राम पंचायत जर्वे (च) कमल कश्यप, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के.डी.महंत कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. रंजीत मोदी, विषयवस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशिकांत सूर्यवंशी, सहायक पशु चिकित्सक डॉ. एस.एस., प्रगतिशील कृषक दुष्यंत सिंह, शिव कुमार तिवारी के द्वारा अंचल के कृषकों को नवाचार के विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक एवं जैविक खेती, ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन तिलहन प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, रबी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन, रबी फसलों एवं कीट प्रबंधन एवं भण्डारित अनाजो में कीट प्रबंधन, रबी फसलो मे रोग प्रबंधन, उन्नत विलोपित किस्मों, के सम्बंध में वैज्ञानिको एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा जिले एवं दूरस्थ क्षेत्र से आये कृषको को खेती के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत कृषि अभियांत्रिकी बिलासपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर के द्वारा उन्नतशील कृषि यंत्रों का जीवांत प्रदर्शन एवं पशु प्रदर्शन एवं उन्नत नस्लों का दूरस्थ अंचल आये कृषकों को अवलोकन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में वैज्ञानिको के द्वारा कार्यक्रम में आये कृषको से प्रशिक्षण उपरांत प्रश्नोत्तरी किया गया जिसमें किसानो के द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। जिससे जिले के कृषको के उन्नत खेती करने की जिज्ञासा बढ़ी।



उपस्थित किसानों को संबोधित करते छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

